# साँवरा दयालु है | By Tanya Pruthi

सांवरा दयालु है प्रेम को निभाता है
कभी कोई मुश्किल पड़े बाबा दौड़ा आता है

जब भी मैं हारा इसने संभाला
दु:ख के दिनों से इसने निकाला
हारे का साथी बन जाता है

ऐसा जुड़ा है रिश्ता हमारा
मुझको सदा ही देता सहारा
प्रेमी को बाबा अपनाता है

लीले पे चढ़ के जब जब ये आये
मन में मेरे ये हलचल मचाये
दिल ये दीवाना हो जाता है

जब डोलती है जीवन की नैया
पतवार थामे बन के खिवैया
माझी सुयश का बन जाता है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%81%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%81-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-tanya-pruthi/